## बालाघाट जिले के 8 केंद्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई री-नीट (यूजी) परीक्षा, 89.43 प्रतिशत रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-UG) री-एग्जाम 2026 का आयोजन शनिवार 21 जून को जिले के 08 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा में कुल 3112 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2783 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 329 अनुपस्थित रहे। जिले में कुल उपस्थिति प्रतिशत 89.43 प्रतिशत दर्ज किया गया।

**नीट परीक्षा में केंद्रवार उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का विवरण इस प्रकार है—**

सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600 परीक्षार्थियों में से 509 उपस्थित एवं 91 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 84.83 प्रतिशत रही।शासकीय कन्या उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, बुढ़ी, बालाघाट में 232 में से 214 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 18 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 92.24 प्रतिशत दर्ज की गई। शासकीय कमला नेहरू गर्ल्स कॉलेज, बालाघाट में 240 में से 226 उपस्थित एवं 14 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 94.17 प्रतिशत रही। शासकीय एम एल बी विद्यालय, बालाघाट में 480 परीक्षार्थियों में से 424 उपस्थित एवं 56 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 88.33 प्रतिशत रही। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बालाघाट में 240 में से 220 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 20 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 91.67 प्रतिशत रही। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में 480 में से 403 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 77 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 83.96 प्रतिशत दर्ज की गई। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली-बालाघाट में 360 में से 336 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 24 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति 93.33 प्रतिशत रही। जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 480 परीक्षार्थियों में से 451 उपस्थित एवं 29 अनुपस्थित रहे। यहां उपस्थिति का प्रतिशत 93.96 रहा।

जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। अधिकारियों ने परीक्षा संचालन की सतत निगरानी कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## एक पेड़ मां के नामः अभियान के तहत बिलावर खुर्द में हुआ वृक्षारोपण

**जुन्नारदेव।** भारतीय जनता पार्टी के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के शक्ति केंद्र क्रमांक-5 द्वारा ग्राम पंचायत बिलावर खुर्द में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम भवन प्रांगण के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान केवल वृक्ष लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि मातृ सम्मान, प्रकृति संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। शक्ति केंद्र प्रभारी एवं अपील समिति सदस्य संजय जैन ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में संयोजक अनिल यदुवंशी, सरपंच शंभू सरयाम, बूथ अध्यक्ष शपथ लाल,संतलाल भारती, बीएलए रामरतन बरसिया,करण चंचल, शिवपाल कायदा, महामंत्री सतीश नारे, दिनेश यदुवंशी, प्रताप नारे,छोटू चंचल,मुनेश चंचल सहित भाजपा शक्ति केंद्र की टोली एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अपने-अपने क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

## वैनगंगा नदी में नहाने गया युवक डूबा एसडीईआरएफ ने जागपुरघाट से शव बरामद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**नगरीय क्षेत्र के हरिओम नगर निवासी 34 वर्षीय रघुजी पिता वेंकटेश राणा की वैनगंगा नदी के जागपुरघाट पर नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।**

पुलिस को घाट के किनारे एक वाहन और कपड़े दिखाई देने की सूचना मिली थी। इससे किसी व्यक्ति के नदी में डूबने की आशंका जताई गई, जिसके बाद पुलिस ने राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (SDERF) की टीम से मदद मांगी।

पुलिस की सूचना पर एसडीईआरएफ और होमगार्ड की क्यूआरटी की सात सदस्यीय टीम घटनास्थल पर पहुंची। इस टीम में हवलदार रामभरोस वरकड़े, सैनिक धनलाल गौतम, युवराज ठाकरे, योगेश बघेल, आशीष साहू, राजेश धुर्वे, कमलेश मरावी और देवेंद्र गेडाम शामिल थे। उन्होंने घटनास्थल से लगभग 40 फीट तक सर्च अभियान चलाया।

सर्च अभियान के दौरान, युवक रघुजी का शव वैनगंगा नदी के जागपुरघाट के गहरे पानी से घटनास्थल से लगभग 40 फीट दूर बरामद किया गया।

शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। युवक की मौत के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला जेल में योग एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला जेल बालाघाट में योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर में योग प्रशिक्षक द्वारा जेल परिसर में बंदियों को सामूहिक योग एवं प्राणायाम कराया गया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायक होता है।

### सिवनी रोड स्थित तुरकर लॉन में हुआ इस्तकबाल

## हज करके लौटे हाजियों का हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

पवित्र हज यात्रा पूरी कर तहसील मुख्यालय कटंगी लौटे हाजियों का मुस्लिम समुदाय द्वारा शनिवार देर शाम जोरदार इस्तकबाल किया गया। सिवनी रोड स्थित तुरकर लॉन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए। कटंगी से इस साल जनाब इकबाल भाई मेमन, आरिफ मेमन, रिजवान मोतीवाला, राजीक खान और शेख असलम अपने परिवार के साथ हज करने के लिए सऊदी अरब गए थे। हज के सभी अरकान पूरे करने के बाद सभी हाजी सकुशल कटंगी वापस पहुंचे। हाजियों के कटंगी पहुंचने की सूचना मिलते ही मुस्लिम समाज के लोग तुरकर लॉन में इकट्ठा हो गए। समुदाय के युवाओं और बुजुर्गों ने हाजियों को फूल-मालाएं पहनाकर और गले मिलकर मुबारकबाद दी। कई लोगों ने हाजियों के हाथ चूमकर दुआएं लीं। महिलाओं ने भी हाजिनों का अलग से इस्तकबाल किया। माहौल बेहद भावुक और रूहानी था। स्वागत के बाद जनाब इकबाल भाई मेमान ने हज यात्रा का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, अल्लाह का लाख-लाख शुक्र है कि उसने हमें अपने घर बुलाया। मक्का-मदीना की सरजमीं पर कदम रखना हर मुसलमान का ख्वाब होता है। वहां की रूहानियत लफ्जों में बयां नहीं की जा सकती। हमने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और कटंगी की तरक्की के लिए खास दुआ मांगी है। आरिफ मेमन ने बताया कि हरम शरीफ में काबा का दीदार और मदीने में रोजा-ए-रसूल पर हाजिरी नसीब होना सबसे बड़ी नेमत है। सफर के दौरान कटंगी के सभी लोगों को याद किया और सबके लिए दुआ की। रिजवान मोतीवाला, राजीक खान और शेख असलम ने भी हज के दौरान मिले इत्मीनान और सुकून का जिक्र किया। सभी हाजियों ने कटंगी के लोगों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उनके सफर के लिए दुआएं की थीं। गौरतलब है कि हज यात्रा से लौटने के बाद हाजियों का इस्तकबाल करना मुस्लिम समाज की पुरानी रिवायत है। कटंगी में हर साल हज से लौटने वाले खुशनसीब लोगों का इसी तरह जोश-खरोश से स्वागत किया जाता है।

### बीजारोपण अभियान के तहत पुनः इमली के बीजों का किया रोपण

छिंदवाड़ा । जिले की जैवविविधता को बचाने के हर व्यक्ति को कुछ न कुछ पहल करना चाहिए जिससे की जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके , एक एसा अनूठा प्रयास गत दिनो स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम रंगीनखापा खुटिया रोड स्थित वृक्ष विहीन टेकड़ी को हरा भरा करने की पहल की गई। संस्था के संयोजक श्यामल राव ने बताया की उक्त टेकड़ी मे पंचायत द्वारा जल एवं भूप्रबंधन के लिए कंटूर ट्रच बनाये गये हे जंहा जल के साथ भूप्रबंधन के लिए पौधा रोपण किया जायेगा । इसके पूर्व उक्त स्थान पर हरियाली लाने के लिए पर्यावरण विद श्यामल राव ने इमली के बीज एकत्रित कर वृक्ष विहीन पहाड़ी मे पर्यावरण प्रेमी साथियों एवं ग्रामीण जनो के साथ मिलकर इमली के बीजो को बोया गया था ।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश सुनाया गया

## सांदीपनी स्कूल में मना 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कटंगी शहर के सांदीपनी स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह निर्धारित समय पर स्कूल परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्र हुए। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 2015 से यह दुनियाभर में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण से हुई। संदेश में मुख्यमंत्री ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। इसके बाद प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास का क्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गायत्री कुमार सारथी, बीईओ सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े सहित अन्य जन मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित सभी लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भुजंगासन, शवासन समेत प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी का आभार जताया और नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। तहसील मुख्यालय के अलावा ग्रामीण अंचलों के भी तमाम स्कूलों में योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया।

प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल ने कहा, योग भारत की प्राचीन विद्या है जिसे अब पूरी दुनिया ने अपनाया है। विद्यार्थी जीवन से ही यदि योग को दिनचर्या में शामिल कर लिया जाए तो शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। तनाव मुक्त जीवन के लिए योग जरूरी है। कार्यक्रम में नगर के कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, गायत्री परिवार के सदस्य भी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए। शाला परिवार की समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग किया।

## जन अभियान परिषद द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर मैं योगाशन कराया गया



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड किरनापुर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सेक्टर क्रमांक 01 कार्यक्रम स्थल उत्कर्ष विद्यालय ग्राउंड किरनापुर सभी विभाग संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी गणेश सोनी जी योग प्रशिक्षक श्री दुर्गा प्रसाद राहगडालेजी विजय बोपचे ,श्रीमती कल्पना राहगडाले स्वास्थ्य विभाग किरनापुर समस्त शिक्षा विभाग बाल विकास अधिकारी गण, एवं एनसीसी के छात्र ,पंचायत किरनापुर अधिकारी आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समाज सेवीवरिष्ठ नगरीकरण सम्मिलित श्री गणेश सोनी जी शिक्षा विभाग अधिकारी योग से संबधित अपने विचार रखा। श्री दुर्गा प्रसाद रहगडाले जी बहुत अच्छा योग करवायें प्रैक्टिकल करते हुए योग का महत्व समझाया। इस प्रकार क्षेत्रीय सहयोग ग्राम विकास संस्था के संचालक बी सी मंडलवार जी ने गौ आधारित जैविक खेती पर अपने विचार रखकर उनका महत्व समझाया गया। एवं अन्य स्वस्थ परिवार के संबंधित जानकारी प्रदान की गई। पर्यावरण का महत्व समझाते हुए योग दिवस की शुभ अवसर पर सभी वरिष्ठ नगरीकरण समस्त पदाधिकारी सभी को योगाभ्यास का एवं योग करने की प्रेरणा दी गई ।

### महा चौका आरती, और कलश यात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र!

## 25 जून को बैहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा कबीर प्रगट उत्सव

हरिभूमि न्यूज बैहर।



बालाघाट जिले की बैहर तहसील जिसे पनिका समाज बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है, जो जिला मुख्यालय का केंद्र भी कहाँ जाता है, पनिका समाज अपने सरल स्वभाव, सात्विक खान पान और श्वेत वेशभुषा धारण के लिए जाने जाते है! जो इन्हे समाज मे एक अलग पहचान देती है, जिनके अराध्य देव श्री सदगुरु कबीर साहेब जी है, जिनके प्रगट उत्सव को पनिका समाज बड़े ही धूमधाम से मनाते है, चर्चा के दौरान पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष आर राजा सोनवाने ने बताया की प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी समिति के द्वारा 25 जून को श्री सदगुरु कबीर साहेब जी का प्रगट उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है! आगे बताया की कबीर प्रगट उत्सव हमारे समाज के लिए हर्षोल्लास, उत्साह और गर्व का दिन है, ऐसे उत्साह को प्रत्येक दिन भी मनाया जाए तो भी कम है! जिस तरह श्री कबीर साहेब जी ने समाज मे फैली व्याप्त बुराईया, भेदभाव, को मिटाकर जागरूकता का सन्देश दिया आज उसी दिशा मे पनिका समाज बैहर, सर्व धर्म सर्वोपरि और जीव दया आत्म पूजा पर छोटे छोटे प्रशंसनीय कार्य कर समाज मे जागरूकता लाकर, मानव समाज मे सकारात्मक सन्देश दे रहे है! जिसको ध्यान मे रखते हुवे पनिका समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष कबीर प्रगट उत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाते है।

**चौका आरती,महाप्रसाद और कलश यात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र**

जिले मे कबीर प्रगट उत्सव ना सिर्फ एक उत्साह है, बल्कि समाज मे जागरूकता, भाईचारा और अमन शांति का एक सन्देश भी है, जिसमे सर्व धर्म प्रेमी आपस मे मिलकर एक दूसरे को सहयोग और भाईचारे की भावना से, पनिका समाज के साथ हमेशा खड़े रहते है, और साहेब के प्रगट उत्सव कार्यक्रम सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाते है! कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे मे पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री सोनवाने बताते है, की आगामी 25 जून प्रगट उत्सव के दिन सुबह से ही पनिका समाज की आमीन माता महिला मण्डल द्वारा महिमा पाठ आयोजित करेंगे , तत्पश्चात कमल पुष्प अर्जित कर निशान पूजा, महा चौका आरती महंत देवान एवं समाज के पूजारियों द्वारा सम्पन्न किया जाएगा, जिसमे दूर दूर से सामाजिक सियान, सरपंच, पदाधिकारी, साहेब जी के नेमी प्रेमी बड़ी संख्या मे शामिल होंगे, आरती समापन पश्चात विशाल भोजन भण्डारा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है! जिसमे हजारों की तादात मे उपस्थित आत्मीय जन महाप्रसाद का लाभ अर्जित करेंगे , तत्पश्चात बैहर नगर भ्रमण हेतू कलश शोभा यात्रा, ध्वनि यन्त्र और बाजे गाजे के साथ धूमधाम से विशाल रैली भी निकाली जाएगी! इस तरह पनिका समाज द्वारा महा चौका आरती, भोजन भण्डारा, और कलश शोभा यात्रा आकर्षण का केंद्र बना रहेगा! उक्त कार्यक्रम हेतू पनिका समाज के अध्यक्ष ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं सुभकामनाये प्रेषित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## बैहर में उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना का भूमि पूजन, जनकल्याण शिविर में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

**बालाघाट।** नगर परिषद बैहर में शनिवार को उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना के भूमि पूजन एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना का भूमि पूजन संपन्न हुआ तथा आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सांसद श्रीमती भारती पारधी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है तथा जनकल्याण शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम, सांसद प्रतिनिधि बैहर श्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत नेताम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अर्पित गुप्ता, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री एस.आर. धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री अनुपमा मरावी, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती कल्पना पंद्रे, सुश्री प्रज्ञा राठवे, श्रीमती आयुषी नंदा सहित कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का लिया प्रण, उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ आयोजन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** "योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।" इसी संदेश को आत्मसात करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर, बालाघाट में रविवार 21 जून 2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ बाल विकास समिति के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया तथा योग के महत्व को समझते हुए स्वस्थ, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाल विकास समिति के सचिव प्रदीप गुप्ता, सह सचिव अशोक बिसेन, कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता तथा बुध सिंह धुर्वे सहित विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योग सत्र की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई। इसके बाद प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने पूरे उत्साह और मनोयोग के साथ अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊर्जावान, आत्मविश्वासी एवं तनावमुक्त बनाता है। वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। योग न केवल विभिन्न रोगों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता, आत्मानुशासन एवं मानसिक संतुलन का भी विकास करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कायदी में शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आयुष आरोग्य मंदिर कायदी के संयुक्त तत्वाधान में वृहद योग शिविर का आयोजन किया गया।

यह आयोजन आयुष आरोग्य मंदिर कायदी के सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष घोड़ेश्वर एवं स्कूल के प्राचार्य श्री करण सिंह मेडावी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ । शिविर में योग प्रशिक्षक एवं शिक्षक द्वारा सामूहिक योग एवं प्राणायाम कराया गया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायक होता है।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग और प्राणायाम को जीवन का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से मन शांत रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य श्री करण सिंह मेडावी, श्री नरेंद्र डोहरे शिक्षक , श्री गुरुनन्द पवार योग शिक्षक के साथ स्कूल स्टाफ एवं आयुष आरोग्य मंदिर से श्रीमती पुष्पा ठाकरे, श्रीमती करुणा घोड़ेश्वर, योग प्रशिक्षक श्रीमती पूजा दुबे आदरणीय ललिता सोनवाने श्रीराम सोनवाने के साथ बड़ी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।









# शासकीय महाविद्यालय हर्रई में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस







हरिभूमि न्यूज़ हर्रई

शासकीय महाविद्यालय हर्रई में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ एस के एस यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्रीड़ा विभाग की , क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती प्रीति बुनकर द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्रीमती बुनकर ने योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में डॉ. एल. कासिया ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से व्यक्ति का मन स्वस्थ, शांत एवं आनंदमय रहता है। उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम बताया।डॉ. अमिताभ अहिरवार ने सभी को योग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। पुस्तकालय विभाग से श्रीमती प्रिया छाबड़ा ने कहा कि योग के माध्यम से हम मन और शरीर दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। वहीं इंजीनियर महेन्द्र डेहरिया ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव संभव है, इसलिए सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में शेल कुमार यादव, आदर्श ठाकुर सहित बी.ए. एवं बी.एससी. के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

## जुन्नारदेव हुआ योगमय12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए भव्य आयोजन

**जुन्नारदेव**12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पतंजलि योग परिवार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों एवं युवाओं ने भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जीएम ऑफिस क्लब डुमरिया में हुई, जहां योग प्रशिक्षक रोशन लाल साहू, मोनू चावला एवं हरि प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान बाल योग साधक नवतेज चावला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं एहसान एकेडमी में बच्चों को योग के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई। रेलवे इंस्टीट्यूट में योग प्रशिक्षक राजीव श्रीवास्तव एवं रितिका श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सरस्वती शिशु मंदिर में घनश्याम पवार एवं राजेश साहू के निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक योग किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सिविल कोर्ट जुन्नारदेव परिसर में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें रोशन लाल साहू एवं मोनू चावला ने योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया।योग प्रशिक्षकों ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पतंजलि योग परिवार ने सभी प्रशिक्षकों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवसविद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**जुन्नारदेव** प्रतिवर्ष 21 जून को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष 21 जून 2026 को आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में योग दिवस का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए योग के महत्व को समझा और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई तथा नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवनशैली प्रदान करता है। वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनाव मुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।




## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बरारिया के जनप्रतिनिधि और शिक्षक हुए शामिल

**परासिया :** 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को ग्राम पंचायत बरारिया के जनप्रतिनिधि और हाईस्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से योगासन किया ।प्रातः 6:00 हाई स्कूल के प्रांगण में उपस्थित होकर सभी ने सामूहिक रूप से योगासन किया।शिक्षकों जनप्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ग्रामीणों ने सभी विधाओं का पालन करते हुए योगा किया । 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार योग किया जाता है इसी कड़ी में बरारिया में योगासन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और ,उत्साह पूर्वक योगासन किया ।इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार पूर्व उपसरपंच पंच वीरू प्रसाद ढेहरिया,शिक्षक नरेंद्र कुमार बरखानिया, जय श्री जैन ,शारदा माते ,जगमोहन वर्मा कमल शाह धुर्वे, कन्हैया लाल सनोडिया,और हाईस्कूल के,विद्यार्थियों ने योगासन किया ।योग करने के बाद जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने कहा कि योग की सभी विधाओं के करने के बाद शरीर निरोग, स्वस्थ होता है योग को नियमित रूप से करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नकुलनाथ का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया

**जुन्नारदेव।** जिले के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता नकुलनाथ के जन्मदिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय जुन्नारदेव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डी.आर. बोनिया, अनिल मिगलानी,आलोक मुखर्जी, पूरन सिंह धुर्वे, आर.के. बैग, राजुद्दीन सिद्दीकी, सुधीर लदरे, जितेंद्र अग्रवाल,शशिकांत मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मस्जिद आयशा में आज होगी सामाजिक समरसता एवं कौमी एकता पर विशेष तकरीर

**जुन्नारदेव।** नगर स्थित मदरसा मोहम्मदिया एवं मस्जिद आयशा में आज 22 जून को सामाजिक समरसता, कौमी एकता एवं इस्लाम और आतंकवाद विषय पर विशेष तकरीरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इस्लामी विद्वान मौलाना अब्दुल वाहिद सल्फी एवं मौलाना अब्दुल कुद्दूस उमरी अपने विचार रखेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम शाम 7:30 बजे मस्जिद आयशा, वार्ड क्रमांक-7 में आयोजित होगा।

### सिंगोड़ी में धूमधाम से मनाया गया पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन

**सिंगोड़ी, छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सिंगोड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंगोड़ी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दादा धीरन शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर नकुलनाथ के जन्मदिन का जश्न मनाया। ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद नकुलनाथ के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। कार्यकर्ताओं ने उनके जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए क्षेत्र के विकास में उनके योगदान की सराहना की।

### सामूहिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**वारासिवनी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमई के शाला परिसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमई विकासखंड खैरलांजी आयुष विभाग व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमई के द्वारा सामूहिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश उके जिला पंचायत सदस्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्गा प्रसाद पटले पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी मर्यादित, ग्राम पंचायत सरपंच उषा जी, डॉ युक्तिमा पारधी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं वाय आर साकरे प्राचार्य तथा समस्त अन्य शिक्षक गण, कर्मचारी,आयुष स्टाफ, जनसामान्य, छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। इस मौके पर अतिथियों के द्वारा अपने उदबोधन में योग से होने वाले लाभ, स्वास्थ्य और स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। अतिथियों के संबोधन के बाद योग प्रशिक्षक मेघा बिसेन एवं सहायक अनु प्रिया पारधी द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई गई।

# 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस; योग की गंगा में डुबकी लगाकर नगरवासियों ने लिया निरोगी होने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्वस्थ आयु के लिए योग (योग फॉर हेल्दी एजिंग) की विशेष वैश्विक थीम के साथ वारासिवनी नगर में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह, उमंग और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। महर्षि पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में नगर के मध्य स्थित छोटी टिहली बाई स्कूल प्रांगण (जिला योग भवन परिसर) में एक विशाल और भव्य सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों योग प्रेमियों ने हिस्सा लिया।सुबह ठीक 5 बजे से प्रारंभ हुए इस मुख्य कार्यक्रम में मुख्य प्रोटोकॉल के तहत योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान कोलकाता से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष उद्बोधन को भी सभी उपस्थित जनों ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। इसके बाद पतंजलि योग समिति के बच्चों और योग शिक्षकों द्वारा कई अत्यंत कठिन योगासनों की लाइव और हैरतअंगेज प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे प्रांगण को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया।

आयोजन में क्षेत्र में संचालित विभिन्न योग कक्षाओं के साधक - साधिकाएं सामूहिक रूप से शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से टिहली बाई योग कक्षा (पुरुष एवं महिला वर्ग), गांधी बाल उद्यान योग कक्षा, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर परिसर योग कक्षा, वार्ड नंबर 6 शिव मंदिर योग कक्षा, गुरु नानक धर्मशाला योग कक्षा, बड़ा राम मंदिर परिसर योग कक्षा, जोड़ा पीपल क्षेत्र योग कक्षा। चन्दनेश्वर शिव मंदिर योग कक्षा, पवार मंगल भवन योग कक्षा, राधा कृष्ण मंदिर योग कक्षा, ग्राम पंचायत भवन सिकंदरा योग कक्षा के साधक शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान महर्षि पतंजलि योग समिति द्वारा योग और समाज क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नगर के वरिष्ठ सदस्यों का शाल-श्रीफल से भावभीना सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ जनों में श्रीमती माया पारधी, पदम सुराना, श्रीमती आशा खंडेलवाल, शिवशंकर पराते सर एवं श्रीमती मनोरमा दुबे शामिल रहीं, जिनका उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योग शिक्षक गोविंद टेंभरे ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि वारासिवनी नगर और आसपास के क्षेत्रों में संचालित सभी योग कक्षाओं के योग शिक्षक, साधक और स्वास्थ्य के प्रति सजग नगरवासी आज एक सूत्र में बंधकर इस उत्सव को मना रहे हैं।

श्री टेंभरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज योग को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान और गरिमा दिलाने का जो कार्य हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, परम पूज्य स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण कर रहे हैं, वह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उनसे प्रेरित होकर हमारा पूरा योग परिवार तन, मन और धन से समाज को स्वस्थ बनाने के सेवा कार्य में जुटा हुआ है। जैसे लोग रक्तदान कर समाज की सेवा करते हैं, वैसे ही हमारा ध्येय हर व्यक्ति को योग से जोड़कर स्वस्थ और निरोगी बनाना है।

# महेश पटले जी के जिला समन्वयक बनने पर हुआ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज उकवा।



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, बैहर द्वारा बालाघाट जिले के नव नियुक्त जिला समन्वयक श्री महेश पटले के प्रथम नगर आगमन पर जनपद पंचायत बैहर में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद से जुड़े पदाधिकारी, ब्लॉक समन्वयक, परामर्शदाता, प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने श्री पटले जी को जिला समन्वयक का महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परिषद की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी तथा जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। परिषद द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने, नशामुक्ति जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, प्रस्फुटन समितियों के क्षमतावर्धन प्रशिक्षण, सामुदायिक नेतृत्व विकास तथा "विकसित भारत 2047" के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने जिला समन्वयक श्री महेश पटले के नेतृत्व में परिषद की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने का संकल्प लिया तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुंदनसिंह मेरावी, संदीप गजभिये, अभय यादव, साक्षी दुबे, नीलिमा यादव, संदीप बिसेन, आरती टेकाम, रेखा ठाकरे, निकिता यादव, अंजली पटले, सोनिका यादव, अविका यादव, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, शिवानी शिवहरे, वर्षा खैरवार, विमल भावे, लोकेश सोनवाने सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लांजी उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन, विद्यार्थियों ने सीखे योग के महत्व

हरिभूमि न्यूज लांजी।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में रविवार को उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों तथा गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सार्महिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक भानुप्रताप खाण्डे एवं पीटीआई रामगोपाल नागपुरे ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया और योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन तथा अनुलोम-विलोम जैसे योगाभ्यास कराए गए। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन तनावमुक्त रहता है। विद्यार्थियों ने भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, देवेश येडे, मंडल अध्यक्ष बिसोनी, दिनेश कचवाहे पार्षद, समाजसेवी झनकार किरनापुरे, पुरुषोत्तम कलपुरीया, खेल प्रशिक्षक प्रज्ञात वासनिक, आयुष विभाग, बीआरसी विभाग सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने योग को दैनिक जीवन का महत्वर्पूर्ण हिस्सा बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। योग सत्र के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को स्वास्थ्यवर्धक अंकुरित अनाज, मूंग एवं चना का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम श्री स्कूल भानेगांव में योगाभ्यास, विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज लांजी।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को लांजी क्षेत्र के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में उत्साह और उल्लास के साथ योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति रेवाजी करहाटकरे उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के शिक्षक सी.बी. चौहान, चंदनवार जी, श्रीमती शेंडे मैडम, बाहें सर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।

मुख्य अतिथि श्री करहाटकरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन मात्र 10 मिनट योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, साथ ही पढ़ाई में एकाग्रता भी बढ़ती है। योग विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच प्रदान करता है, जो जीवन में सफलता के लिए बेहद आवश्यक है।उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और मेहनत, लगन तथा कर्मठता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल, परिवार, माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मध्यप्रदेश के टॉप-10 में अपना स्थान बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# 14 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत

**कटंगी।** थाना क्षेत्र के ग्राम महदुली स्थित तालाब में रविवार दोपहर एक 14 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम उमरी निवासी अपूर्व उर्फ निक्की पिता अजय शेंडे के रूप में हुई है। घटना के समय अपूर्व के माता-पिता मजदूरी करने नागपुर गए हुए थे। जानकारी के अनुसार अपूर्व शेंडे रविवार को अपने दो दोस्तों के साथ ग्राम महदुली अपनी नानी के घर जाने के लिए निकला था। लेकिन नानी के घर पहुंचने से पहले ही तीनों दोस्त तालाब की तरफ नहाने के लिए चले गए। तालाब में नहाते समय अपूर्व गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दोपहर करीब 2 बजे तालाब में मछली पकड़ रहे मछुआरों की नजर डूबते हुए अपूर्व पर पड़ी। मछुआरों ने तुरंत पानी में कूदकर उसे बाहर निकाला और आनन-फानन में कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद अपूर्व को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अपूर्व जिन दो दोस्तों के साथ तालाब गया था, घटना के बाद से उनकी पहचान नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि अपूर्व के डूबने के बाद दोनों दोस्त डर के मारे मौके से भाग गए। पुलिस दोस्तों की तलाश कर रही है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सके। मृतक के बड़े पिता संजय शेंडे ने बताया कि ष्अपूर्व के माता-पिता अजय और उसकी मां शनिवार को ही मजदूरी करने के लिए नागपुर गए थे। घर पर अपूर्व अकेला था। रविवार सुबह वह बिना किसी को कुछ बताए महदुली नानी के यहां जाने के लिए निकला था। शाम 04 बजे परिजनों को हादसे की खबर मिली। घटना की जानकारी लगते ही ग्राम उमरी और महदुली के ग्रामीण बड़ी संख्या में कटंगी अस्पताल पहुंच गए। अपूर्व के नाते-रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप के नहीं होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कटंगी थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृत बालक का अंतिम संस्कार सोमवार को ग्राम उमरी में किया जाएगा।

# स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर किया गया योग का सामूहिक अभ्यास

## फुटबॉल स्टेडियम हुआ योगमय, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने किया अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को फुटबॉल स्टेडियम, सिवनी में जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्साह और ऊर्जा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय ने उपस्थित जनसमुदाय को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित योग स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन की कुंजी है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्तनेहा_मीना ने विशेष रूप से युवाओं से योग को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मविश्वास का भी आधार है।

कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इसके पश्चात उपस्थित जनों ने इस वर्ष की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग अर्थात स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। फुटबॉल स्टेडियम में एक साथ सैकड़ो लोगों को योग करते देख पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह से भर उठा। कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और योग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी संदेश दिया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, आलोक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के आदेशानुसार दिनांक 21 जून 2026 को 12 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष की आधिकारिक थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य उम्र बढने के साथ शारीरिक गतिशीलता मानसिक सतर्कता और जीवन की बेहतर गुणवत्ता को बनाए रखना है। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के संबोधन से हुई , जिसमें योग के इतिहास एवं मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही क्रीड़ा अधिकारी कमलेश टेंभरे, डॉ. श्रुति अवस्थी, डॉ. जैन कुमार पंचेश्वर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।



### विश्व योग दिवस पर सिद्ध बाबा में योग कार्यक्रम हुआ आयोजित

लखनादौन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिद्ध बाबा परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन आदरणीय वन संरक्षक संध्या मैडम के मार्गदर्शन एवं वन मंडल अधिकारी उत्तर सिवनी डॉ महेन्द्र सिंह उईके के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वन विभाग लखनादौन, एल एंड टी के उद्यमी प्रशिक्षार्थियों, कदम संस्था एवं ऊँ शांति ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

### विश्व योग दिवस भव्यता के साथ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय भैरोगंज सिवनी में विश्वयोग दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि योगाचार्य पी.एस.ठाकरे रहे। विद्यालय व्यवस्थापक नूपेश ठाकुर एवं संस्था प्राचार्य ओमप्रकाश यादव भी मंचासीन रहे। आयोजन का शुभारंभ महर्षि पतंजलि एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। सरस्वती वंदना एवं दीप मंत्र श्रीमती मनीषा तिवारी ने प्रस्तुत किया। मंचासीन अतिथियो का परिचय एवं स्वागत महेश चौबे एवं शिवांशु गठोरिया ने किया। तत्पश्चात योगिक क्रियाएॅ, सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान योगाचार्य श्री पी.एस.ठाकरे द्वारा कराया गया। अपने उद्बोधन में व्यवस्थापक नूपेश ठाकुर ने योग की महत्ता प्रतिपादित करते हुए उपस्थितजनों से दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से प्रतिवर्ष 21 जून को संपूर्ण विश्व में विश्वयोग दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में हमारा देश योग का जनक एवं सदैव विश्व गुरू रहा है। योगाचार्य श्री ठाकरे ने योगः कर्मसु कौशलं कि व्याख्या करते हुए योग का आध्यात्मिक विवेचन किया। समस्त उपस्थितजनों ने योग संकल्पना लेते हुए शपथ ली कि ''थाली में जूठन नहीं, नियमित योग स्वस्थ जीवन का आधार''। समापन मंत्र के साथ आयोजन का समापन हुआ।

### कान्हीवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**हरिभूमि न्यूज सिवनी। कान्हीवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या हाईस्कूल ग्राउंड, कान्हीवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी मंडल कान्हीवाड़ा के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल कान्हीवाड़ा के समस्त कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक एवं पतंजलि योग केंद्र के संचालक श्रीराम ठाकुर के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं का संचालन हरिशंकर साहू द्वारा किया गया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सभापति इन्द्रकुमार जंघेला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में विश्व योग दिवस पर गूंजा बरघाट क्षेत्र सभी करें योग, काया रहेगी निरोग

राकेश अगरवार बरघाट हरिभूमि।



विश्व योग दिवस पर उमड़ा बरघाट ब्लाक में जनसैलाब, योग के संकल्प से गूंजा पूरा गांव सभी करें योग, काया रहेगी निरोग के संदेश के साथ ग्रामवासियों ने अपनाई स्वस्थ जीवनशैली की राह, अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सैला में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के संचालक विजय चौहान के नेतृत्व में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया।, सुबह से ही ग्राम पंचायत परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रशिक्षित मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

अपने जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है योग का

योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा से भी भरता है। कार्यक्रम के दौरान सीएससी संचालक विजय चौहान ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता बन चुका है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकाले तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का स्थायी हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी करें योग, काया रहेगी निरोग केवल एक नारा नहीं बल्कि स्वस्थ और समृद्ध समाज निर्माण का मूल मंत्र है।

संकल्पित सहभागिता से अपनाए विशेष मूलमंत्र

योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है तथा व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान बनाता है।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नियमित योग करेंगे तथा अपने परिवार, पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करेंगे। योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

ग्रामीणों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। ऐसे आयोजनों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समाज को एक नई सकारात्मक दिशा मिलती है। विश्व योग दिवस के इस आयोजन ने ग्राम सैला में स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक एकता का अनूठा संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, अनुशासन और जन भागीदारी का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जिससे यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

**तेलघानी बोर्ड:** ताजपोशी का लॉलीपॉप या तेली समाज के सशक्तिकरण का औजार?

# बोर्ड को मिले बजट, अधिकार और शक्तियां, तभी होगा समाज का वास्तविक उत्थान- अधिवक्ता उमेश गोल्हानी बंधु

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन।** तेली-तैलप वंशीय समाज के लिए गठित तेलघानी बोर्ड को केवल अध्यक्ष पद की ताजपोशी तक सीमित न रखकर उसे पर्याप्त बजट, वित्तीय अधिकार एवं प्रशासनिक शक्तियां प्रदान किए जाने की मांग समाज के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा उठाई जा रही है।



अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश विधिक सलाहकार एवं ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश गोल्हानी बंधु ने कहा कि तेलघानी बोर्ड का उद्देश्य केवल किसी व्यक्ति को पद प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार, उद्यमिता संवर्धन एवं रोजगार सृजन के अवसरों को बढ़ावा देना है। यदि बोर्ड के पास पर्याप्त संसाधन और अधिकार नहीं होंगे तो समाज को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि समाज को यह जानने का अधिकार है कि पूर्व में गठित बोर्डों के माध्यम से कितने युवाओं को प्रशिक्षण मिला, कितनों को रोजगार प्राप्त हुआ, कितने नए उद्यम स्थापित हुए तथा समाज के आर्थिक उत्थान में उनकी क्या भूमिका रही। किसी भी संस्था की सफलता का मूल्यांकन पदाधिकारियों के स्वागत-सम्मान से नहीं, बल्कि उसके कार्यों और परिणामों से होना चाहिए।

श्री गोल्हानी ने कहा कि वर्तमान में तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष पद को लेकर चर्चाएं और राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं, लेकिन समाज का प्रमुख प्रश्न यह होना चाहिए कि बोर्ड को कितना बजट मिलेगा, उसके अधिकार क्या होंगे तथा वह समाज के लिए कौन-कौन सी योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित कर सकेगा। केवल पदों की घोषणा और ताजपोशी से समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि तेली-तैलप वंशीय समाज के युवाओं को रोजगार, महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमियों को प्रोत्साहन तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विकास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तेलघानी बोर्ड को वास्तविक रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को पर्याप्त बजट, स्पष्ट नीति और प्रभावी कार्यान्वयन की शक्तियां प्रदान करनी होंगी। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वह व्यक्तियों की बजाय संस्थागत सशक्तिकरण की मांग को प्राथमिकता दे तथा संगठित होकर तेलघानी बोर्ड को अधिकार-संपन्न बनाने के लिए आवाज उठाए। अधिवक्ता उमेश गोल्हानी बंधु ने कहा कि समाज का उत्थान मालाओं, स्वागतों और प्रतीकात्मक सम्मानों से नहीं, बल्कि अधिकार, संसाधन, जवाबदेही, कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के अवसरों से होता है। इसलिए समय की आवश्यकता है कि तेलघानी बोर्ड को केवल नाममात्र की संस्था न बनाकर समाज के विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि अब समाज को स्पष्ट रूप से यह मांग उठानी चाहिए हमें ताजपोशी नहीं, अधिकार चाहिए।हमें मालाएं नहीं, बजट चाहिए।हमें फोटो नहीं, रोजगार चाहिए।हमें प्रतीक नहीं, शक्तिशाली संस्थाएं चाहिए।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से अधेड़ की मौत, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेखारी में एक 50 वर्षीय व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन करने का दुखद मामला सामने आया है। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही पीड़ित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भटेखारी निवासी वीर सिंह पटले 50 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद वे आनन-फानन में उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया।

रास्ते में थमी सांसें, कारण अज्ञात

दुर्भाग्यवश, परिजन जब तक उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचते, रास्ते में ही वीर सिंह पटले की मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### युवाओं ने घायल बाइक सवार की मदद कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित गोपालगंज बाईपास पर हुए सडक़ हादसे के दौरान स्थानीय युवाओं ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल बाइक सवार की मदद कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



जानकारी के अनुसार सडक़ दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर पड़ा था। हादसा होते ही गोपालगंज निवासी राजेश अवधिया सहित अन्य युवाओं ने बिना समय गंवाए तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल की सहायता की। उन्होंने 112 पुलिस सहायता और 1033 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी तथा घायल को शीघ्र उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने राजेश अवधिया एवं उनके साथियों की तत्परता और मानवता की भावना की सराहना करते हुए उन्हें वास्तविक राहवीर बताया। सडक़ दुर्घटनाओं के समय आम नागरिकों द्वारा दिखाई जाने वाली ऐसी संवेदनशीलता न केवल मानवता का उदाहरण है, बल्कि किसी घायल व्यक्ति के लिए नया जीवन भी साबित हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने सभी नागरिकों से दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की है।

# ट्यूब के बिना मिली साइकिल, टायर में दरारें और ढीले पुर्जों ने बढ़ाई चिंता

***हरिभूमि न्यूज सिवनी।*** *प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा स्कूल आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना पर सवाल खड़े होने लगे हैं। पीएम श्री हाई सेकंडरी स्कूल बादलपार में हाल ही में वितरित की गई साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं।*

जानकारी के अनुसार, वितरण के बाद एक साइकिल की जांच के दौरान कई तकनीकी खामियां उजागर हुईं। बताया जा रहा है कि साइकिल के कई पुर्जे ढीले पाए गए, जबकि सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उसके पहिए में ट्यूब ही नहीं थी। इसके अलावा टायर में भी दरारें दिखाई दीं, जिससे साइकिल की सुरक्षा और गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की निम्नस्तरीय एवं असुरक्षित साइकिलें उपलब्ध कराना उनकी सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही है। उनका आरोप है कि यदि वितरण से पहले गुणवत्ता परीक्षण सही तरीके से किया गया होता तो ऐसी खामियां सामने नहीं आतीं।

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि खराब गुणवत्ता वाली साइकिलों के कारण विद्यार्थियों के साथ कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वितरित की गई सभी साइकिलों का तकनीकी परीक्षण कराया जाए।



अभिभावकों का कहना है कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करना है, लेकिन यदि गुणवत्ता से समझौता किया जाता है तो योजना का उद्देश्य ही प्रभावित हो जाता है। उन्होंने दोषी सप्लायर एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जांच के घेरे में गुणवत्ता परीक्षण प्रक्रिया

मामले को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि साइकिलों के वितरण से पूर्व उनकी गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर और किसके द्वारा की गई थी। यदि वितरण के समय ही साइकिलों में ऐसी गंभीर खामियां मौजूद थीं, तो जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है। विद्यार्थियों के हितों और सुरक्षा से जुड़े इस मामले में प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है और क्या कार्रवाई करता है, इस पर क्षेत्रवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं।

**आगामी पर्वों के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न**

# मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने पर बनी सर्वसम्मति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

आगामी त्योहारों को जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम, सिवनी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा सहित शांति समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, गणमान्य नागरिक एवं समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैठक के मुख्य बिंदु एवं निर्णय

मोहर्रम पर्वः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे। मार्ग में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

ध्वनि नियंत्रणः जुलूस के दौरान तेज आवाज में डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी धार्मिक स्थल के सामने आपत्तिजनक गीत या संगीत का प्रसारण न किया जाए, जिससे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों।



ताजिया विसर्जनः ताजिया का विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल दल सागर में ही किया जाएगा। विसर्जन स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, गोताखोर दल एवं सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

व्यवस्थाएंः कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जुलूस मार्गों पर एंबुलेंस व चिकित्सकीय टीम की उपलब्धता, मार्गों की साफ-सफाई, बिजली के लटकते तारों को व्यवस्थित करने तथा पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश नगरपालिका एवं संबंधित विभागों को दिए।

सोशल मीडियाः बैठक में सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट न करें और न ही उन्हें साझा करें। जिला प्रशासन व पुलिस की साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाएगी। उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी ने सभी धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से जिले में आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी मेलजोल व खुशियों के प्रतीक हैं, इन्हें संयम व अनुशासन के साथ मनाएं।

खबर संक्षेप

## कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य विभाग डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे, सिविल सर्जन डॉ. सुशील कुमार दुबे, आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कुडापे, नोडल अधिकारी आर.के.एस. डॉ. उदय पराडकर, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अस्पताल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा 1 दिसंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक की आय-व्यय विवरणी का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय छिन्दवाड़ा में वर्तमान में संचालित आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से मेमोग्राफी मशीन का संचालन कराने का निर्णय लिया गया। मैमोग्राफी की सेवा लिए जाने के लिए आयुष्मान एवं बीपीएल मरीजों से 800 रुपये तथा एपीएल एवं निजी मरीजों से 1500 रुपये शुल्क निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला चिकित्सालय पर लंबित जीएसटी के भुगतान के लिए रोगी कल्याण समिति से राशि व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

### माँ नर्मदा के माहिष्मती घाट पर हुआ जिला स्तरीय योग दिवस आयोजन

# कलेक्टर ने किया मयूरासन और शीर्षासन

* हजारों लोगों ने किया योग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को माँ नर्मदा के पावन तट माहिष्मती घाट में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं तथा अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के 175 से भी अधिक देशों में योग को अपनाया जा रहा है और पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति एवं जीवन दर्शन की इस अनुपम देन का लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की जो परंपरा विकसित की थी, वही आज विश्व कल्याण का आधार बन रही है।

मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए, जिससे स्वयं के साथ-साथ परिवार और समाज भी स्वस्थ एवं सशक्त बन सके।

कार्यक्रम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका धुर्वे एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थितजनों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सभी ने सुना।

कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने शीर्षासन एवं मयूरासन का प्रभावशाली प्रदर्शन कर उपस्थित नागरिकों को योग के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शीर्षासन और मयूरासन जैसे कठिन आसन यह संदेश देते हैं कि नियमित अभ्यास, धैर्य और दृढ़ संकल्प से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं। योग हमें शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण के बीच किए गए इन कठिन योगासनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया तथा योग के प्रति उत्साह का संचार किया।

कलेक्टर श्री धोटे ने नागरिकों से आह्वान किया कि योग को केवल एक दिवस के आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग स्वस्थ, संतुलित और सुखद जीवन का सबसे सरल एवं प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रफुल्ल मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी श्री पीयूष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।





## योग दिवस पर कलेक्टर बने मानवता के प्रेरक



* रक्तदान कर दिया सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मां नर्मदा के पावन तट माहिष्मती घाट में स्वास्थ्य एवं जनकल्याण को समर्पित एक विशेष पहल के तहत विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने शिविर का विधिवत शुभारंभ करते हुए इसे मानव सेवा और सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. सीएस धुर्वे, जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, ब्लड बैंक का स्टाफ, डॉक्टर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडला जिले में स्वास्थ्य, सेवा और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरक संगम देखने को मिला, जब कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। उन्होंने रक्तदान के माध्यम से न केवल जरूरतमंद मरीजों के प्रति अपनी संवेदनशीलता व्यक्त की, बल्कि जिलेवासियों को मानव सेवा के इस महत्त्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनने का संदेश भी दिया।

रक्तदान उपरांत कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि रक्तदान केवल एक चिकित्सकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति नियमित अंतराल पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकता है। रक्त की आवश्यकता किसी भी समय किसी भी व्यक्ति को पड़ सकती है, इसलिए प्रत्येक सक्षम नागरिक को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि योग जहां शरीर और मन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, वहीं रक्तदान मानवता और सेवा की भावना को सशक्त करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रक्तदान कर उन्होंने स्वास्थ्य, करुणा और सामाजिक सरोकारों को एक साथ जोड़ने का संदेश दिया।

इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माहिष्मती घाट में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना ने रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक संदेश दिया।

## सरपंच पत्नी, पति एवं पंच पर राशि गबन करने का आरोप

* सचिव से गाली गलौज एवं मारपीट करने की धमकी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जनपद पंचायत मंडला की ग्राम पंचायत औघटखपरी के ग्रामीणों को अपनी सरपंच व उपसरपंच से विकास की बड़ी उम्मीद थी क्योंकि यहां श्रीमती दीपिका राउत को सरपंच एवं उनके पति सुदीप राउत को उपसरपंच निर्विरोध बनाया गया है। किंतु ये दोनों पति-पत्नी एवं पंच लेखराम ठाकुर पर विभिन्न निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करने के आरोप यहां के सचिव सुरेंद्र पटेल द्वारा लगाए गए हैं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रेषित शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि नल जल की टैक्स वसूली राशि का गबन किया गया है। रसीद बुक एवं रजिस्टर कार्यालय में जमा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण नल चालकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। साथ ही लाखों का बिजली बिल भुगतान अन्य मद से किया गया है।और निर्विरोध निर्वाचन की प्राप्त प्रोत्साहन राशि से पोषक ग्राम मुर्रमखाप एवं आदिवासी कॉलोनी में बनाये गये रंगमंच वर्षों से अधूरे हैं, और राशि का आहरण कर लिया गया है। इसी तरह नल जल योजना के मरम्मत कार्य एवं अन्य निर्माण कार्यों को मनमाने बगैर तकनीकी स्वीकृति के करा लिए गए हैं। और सचिव पर भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत पत्र पर सचिव द्वारा आरोप लगाया गया है कि उनके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने की धमकी दी जा रही है। जिसकी शिकायत पुलिस चौकी हिरदेनगर में भी की गई है। भुगतान को लेकर अभिषेक लक्ष्मी साहू बस स्टैंड द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी की गई है, जबकि सचिव का कहना है कि उनके द्वारा शिकायतकर्ता से किसी भी प्रकार की सामग्री क्रय नहीं की गई है। ये सब नियम विरुद्ध भुगतान कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यहां पर आदिवासी कॉलोनी एवं औघटखपरी में तरेंद्र के घर से कमलिया के घर तक बनाई गई पक्की नाली निर्माण भी सवालों के घेरे में है। जिम्मेदारों के बीच इस तरह की तनातनी एवं भ्रष्ट नियत की वजह से ग्राम विकास ठप्प पड़ा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से इस और ध्यान देने का आग्रह किया है।

**विडम्बना** | अधूरी मरम्मत से तिरपाल तले खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर छात्र।

# लापरवाही की भेंट चढ़ी शिक्षा व्यवस्था

* ग्रामवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिक्षा विभाग की उदासीनता और लापरवाही का खामियाजा एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र के मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड मण्डला की ग्राम पंचायत सिलपुरा के पोषक ग्राम बुजबुजिया में लगभग 12 वर्षों से जर्जर पड़े प्राथमिक विद्यालय भवन की मरम्मत शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद बंद हो गई है, जिससे बच्चों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से नया विद्यालय भवन नहीं बन पाया और अब जब मरम्मत कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई तो संबंधित एजेंसी और विभाग की अनदेखी के कारण काम बीच में ही छोड़ दिया गया। हालत यह है कि विद्यालय भवन का कुछ हिस्सा तोड़कर छोड़ दिया गया है, जबकि शेष कार्य ठप पड़ा हुआ है। इससे बच्चों को सुरक्षित भवन मिलने की उम्मीद भी अधूरी रह गई है।

सबसे गंभीर बात यह है कि भीषण गर्मी के बीच छात्र-छात्राएं आज भी तिरपाल और अस्थायी व्यवस्थाओं में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। अभिभावकों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी केवल बैठकों और कागजी दावों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। अधिकारियों द्वारा जून अंत तक कार्य पूर्ण कर 1 जुलाई से विद्यालय संचालन शुरू कराने का दावा किया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर यह दावा खोखला साबित होता नजर आ रहा है।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि भवन की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है तो कार्य अचानक क्यों बंद कर दिया गया? आखिर किसकी जिम्मेदारी तय होगी? बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि गर्मी या असुरक्षित परिस्थितियों के कारण किसी बच्चे के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है अथवा कोई दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। उन्होंने तत्काल जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही अब केवल प्रशासनिक कमी नहीं, बल्कि बच्चों के शिक्षा के अधिकार और सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ बन चुकी है।

**इनका कहना है -**

*बुजबुजिया प्राथमिक विद्यालय भवन पिछले 12-14 वर्षों से जर्जर अवस्था में है। बच्चों को सुरक्षित भवन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा अधिकारियों, कलेक्टर, विधायक एवं सांसद तक कई बार आवेदन और निवेदन किए गए, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं हो सका। वर्तमान में बच्चे भीषण गर्मी और प्रतिकूल मौसम में तिरपाल के नीचे अध्ययन करने को मजबूर हैं। यदि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।*

**-नरेश मार्को, सरपंच, ग्राम पंचायत सिलपुरा, जिला मण्डला**

